प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 62/2022)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

तत्काल प्रकाशन के लिए

भादूविप्रा ने हाल ही में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा लॉन्च किए गए 30 दिनों की वैधता वाले वाउचर और हर महीने की एक ही तारीख को नवीकरणीय वाउचर का लाभ उठाने के लिए प्रेस विज्ञप्ति जारी की है।

नई दिल्ली, 12 सितंबर 2022 - भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) आज उपरोक्त विषय पर प्रेस विज्ञप्ति जारी करता है।

1. प्राधिकरण को 30 दिनों या एक महीने के लिए वैधता वाले टैरिफ प्रस्तावों के बजाय दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा 28 दिनों की वैधता (या उसके गुणकों में) के टैरिफ प्रस्तावों के बारे में उपभोक्ताओं से संदर्भ प्राप्त हुए थे। प्राधिकरण ने इस संबंध में उपभोक्ता चिंताओं और धारणाओं को दूर करने की आवश्यकता के प्रति जागरूक होने के कारण दूरसंचार प्रशुल्क आदेश (टीटीओ) में दो संशोधन अर्थात टीटीओ 66वां और टीटीओ 67वां संशोधन जारी किए।

2. दूरसंचार प्रशुल्क (66वां और 67वां संशोधन) आदेश, 2022 के तहत हितधारकों के साथ टिप्पणियां, प्रति टिप्पणियां और ओपन हाउस चर्चा की उचित परामर्श प्रक्रिया के बाद, भादूविप्रा ने टीटीओ, 1999 के खंड 6 में उप खंड (xi) और (xii) को शामिल किया है जिसके अनुसार :

(xi) प्रत्येक दूरसंचार सेवा प्रदाता तीस दिनों की वैधता वाला कम से कम एक प्लान वाउचर (पी° वी°), एक विशेष टैरिफ वाउचर(एस° टी° वी°) और एक कॉम्बो वाउचर (सी° वी°) प्रदान करेगा।

(xii) प्रत्येक दूरसंचार सेवा प्रदाता कम से कम एक प्लान वाउचर (पी° वी°), एक विशेष टैरिफ वाउचर(एस° टी° वी°) और एक कॉम्बो वाउचर (सी° वी°) की पेशकश करेगा जो हर महीने की एक ही तारीख को नवीकरणीय होगा और यदि वह नवीनीकरण की तिथि महीने में उपलब्ध नहीं है, तो नवीनीकरण की तिथि उस माह की अंतिम तिथि होगी।

3. सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने टीटीओ में उपरोक्त संशोधनों को लागू कर दिया है और उपरोक्त संशोधनों के अनुरूप उपरोक्त वाउचर लॉन्च किए हैं। तदनुसार, 30 दिनों के वाउचर और वाउचर जो हर महीने की एक ही तारीख को नवीकरणीय हैं, अन्य बातों के साथ, उनकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं और सदस्यता के लिए उपलब्ध हैं। टीएसपी के प्लान वाउचर और संबद्ध विशेष टैरिफ वाउचर (एसटीवी)/कॉम्बो वाउचर (सीवी) का विवरण नीचे दिया गया है:

(1). मेसर्स भारती एयरटेल लिमिटेड (बीएएल)

30 दिनों की वैधता वाला प्लान वाउचर और संबद्ध विशेष टैरिफ वाउचर (एसटीवी)/कॉम्बो वाउचर (सीवी)	पीवी 128	https://www.airtel.in/recharge-online?icid=header
प्लान वाउचर जो हर महीने एक ही तारीख को नवीनीकरण होता है और संबंधित विशेष टैरिफ वाउचर (एसटीवी) / कॉम्बो वाउचर (सीवी)	पीवी 131	

(2) मेसर्स भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल)

30 दिनों की वैधता वाला प्लान वाउचर और संबद्ध विशेष टैरिफ वाउचर (एसटीवी)/कॉम्बो वाउचर (सीवी)	पीवी 199	https://portal2.bsnl.in/myportal/tariffs.do?PRePAID
प्लान वाउचर जो हर महीने एक ही तारीख को नवीनीकरण होता है और संबंधित विशेष टैरिफ वाउचर (एसटीवी) / कॉम्बो वाउचर (सीवी)	पीवी 229	

(3) मैसर्स महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल)

30 दिनों की वैधता वाला प्लान वाउचर और संबद्ध विशेष टैरिफ वाउचर (एसटीवी)/कॉम्बो वाउचर (सीवी)	पीवी 151	https://mtnldeli.in/obile/3g-prepaid.htm
प्लान वाउचर जो हर महीने एक ही तारीख को नवीनीकरण होता है और संबंधित विशेष टैरिफ वाउचर (एसटीवी) / कॉम्बो वाउचर (सीवी)	पीवी 97	

(4) मैसर्स रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड (आरजेआईएल)

30 दिनों की वैधता वाला प्लान वाउचर और संबद्ध विशेष टैरिफ वाउचर (एसटीवी)/कॉम्बो वाउचर (सीवी)	पीवी 296	https://www.jio.com/selfcare/plans/mobility/prepaid-plans-list/
प्लान वाउचर जो हर महीने एक ही तारीख को नवीनीकरण होता है और संबंधित विशेष टैरिफ वाउचर (एसटीवी) / कॉम्बो वाउचर (सीवी)	पीवी 259	

(5) मेसर्स वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल)

30 दिनों की वैधता वाला प्लान वाउचर और संबद्ध विशेष टैरिफ वाउचर (एसटीवी)/कॉम्बो वाउचर (सीवी)	पीवी 137	https://www.myvi.in/prepaid/best-prepaid-plans

प्लान वाउचर जो हर महीने एक ही तारीख को नवीनीकरण होता है और संबंधित विशेष टैरिफ वाउचर (एसटीवी) / कॉम्बो वाउचर (सीवी)	पीवी 141	

4. दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के उपभोक्ताओ को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 30 दिनों के वाउचर और वैसे वाउचर जो हर महीने की एक ही तारीख को नवीकरणीय हैं अब उपलब्ध हैं। वे इन वाउचरों का उपयोग कर सकते हैं जो कि उपभोक्ताओं की मांग पर लॉन्च किए गए है।

5. किसी स्पष्टीकरण के मामले में, श्री कौशल किशोर, प्र. सलाहकार (एफ एंड ईए), भादूविप्रा से ईमेल आईडी: advfea1@trai.gov.in या टेलीफोन नंबर +91 11 23230752 पर संपर्क किया जा सकता है।

वि. रघुनंदन

(वि रघुनंदन)

सचिव , भादुविप्रा